INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 **3rd Lang.**	**Department: Hindi**	**Date :**
Question bank and Grammar	**Topic-** समस्या का हल **(**Story**)**	**Note: Please complete your work.**

<u>प्रश्नोत्तर</u>

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | Answer these questions.

क. रामास्वामी और श्रीधरण का स्वभाव कैसा था?

उत्तर = रामास्वामी और श्रीधरण स्वभाव से बहुत अच्छे थे| वे सदैव हँसते- मुसकराते रहते थें|

ख. चित्रा दीदी ने रामास्वामी और श्रीधरण से क्या पूछा ?

उत्तर = चित्रा दीदी ने रामास्वामी और श्रीधरण से पूछा कि सदैव हँसने- मुसकराने वाले आज चुपचाप क्यों है| दोनों की कुट्टी हो गई है क्या?

ग. रामास्वामी ने क्या समस्या बताई?

उत्तर = रामास्वामी ने कहा कि परीक्षा निकट आ गई है और मेरी गणित की और श्रीधरण की हिंदी की तैयारी अभी भी पूरी नहीं हुई है |

घ. चित्रा दीदी ने समस्या का हल कैसे खोजा?

उत्तर = चित्रा दीदी ने समस्या का हल इस प्रकार खोजा उन्होंने श्रीधरण से कहा कि तुम रामास्वामी की मदद गणित की तैयारी करने में करोगे और रामास्वामी, तुम श्रीधरण की मदद हिंदी की तैयारी करने में करोगे|

ङ. चित्रा दीदी ने किसकी समस्या का हल निकाला?

उत्तर = चित्रा दीदी ने रामास्वामी और श्रीधरण की समस्या का हल निकाला|

च. चित्रा दीदी ने रामास्वामी और श्रीधरण को कितने बजे अपने घर बुलाया?

उत्तर = चित्रा दीदी ने रामास्वामी और श्रीधरण को शाम 5 बजे अपने घर बुलाया |

छ. किसकी हिंदी की तैयारी पूरी नहीं हुई थी?

उत्तर = श्रीधरण की हिंदी की तैयारी पूरी नहीं हुई थी|

अभ्यास *Exercises*

1. **सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option* -----***(Textbook)*

क. रामास्वामी और श्रीधरण कौन थे?

भाई मित्र रिश्तेदार मामा-भानजा

ख. किसने रामास्वामी और श्रीधरण को अपने घर बुलाया?

हेडमास्टर ने कक्षाध्यापिका ने

चित्रा दीदी ने पड़ोसी ने

ग. किसकी गणित की तैयारी पूरी नहीं हुई थी?

श्रीधरण की रामास्वामी की

चित्रा दीदी की सभी की

उत्तर = क. मित्र ख. चित्रा दीदी ने ग. रामास्वामी की

2. किसने, किससे कहा? Who said to whom? ------*(Textbook)*

कथन	किसने कहा?	किससे कहा?
क. सदैव हँसने-मुसकरानेवाले आज चुपचाप क्यों हैं ?	चित्रा दीदी ने	श्रीधरण और रामास्वामी से
ख. हमारे पापा की आमदनी उतनी नहीं है कि ट्यूशन दिलवा सकें		श्रीधरण ने	चित्रा दीदी से
ग. फिर तो हो गया तुम्हारी समस्या का हल		चित्रा दीदी ने	श्रीधरण और रामास्वामी से
घ. यह तो हमने कभी सोचा ही नहीं		श्रीधरण और रामास्वामी ने	चित्रा दीदी से

3. सही अर्थों से मिलाइए - Match them with correct meaning- *(Textbook)*

क. पक्के मित्र Preparation

ख. तैयारी Nature

ग. स्वभाव Examination

घ. परीक्षा Best friend

उत्तर = क. Best friend, ख. Preparation ग. Nature घ. Examination

4. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए | (*Notebook)*

Make sentences with the help of given words.

क. खुश - हमें सदैव खुश रहना चाहिए |

ख. हल - मोहन ने गणित के कठिन सवाल का हल निकाल लिया |

ग. परीक्षा - मैंने परीक्षा में प्रथम आने की कोशिश की |

घ. उदास - रीमा की छोटी बहन उदास है |

ङ. स्वभाव - मेरी माँ का स्वभाव अच्छा हैं |

5. सही (√) / गलत (X) बताइए | (*Notebook)*

i. रामास्वामी और श्रीधरण दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते थें | (√)

ii. रामास्वामी और श्रीधरण दोनों के घर अलग-अलग गाँव में थें | (X)

iii. चित्रा दीदी दसवीं कक्षा में पढ़ती थीं | (√)

iv. चित्रा दीदी ने शाम 3 बजे रामास्वामी और श्रीधरण को अपने घर बुलाया | (X)

v. रामास्वामी की विज्ञान की तैयारी पूरी नहीं हुई थी | (X)

vi. चित्रा दीदी ने रामास्वामी और श्रीधरण की समस्या का हल निकाला | (√)

व्याकरण (Grammar)

1. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए |

i. क्रिकेट खेलनेवाला	क्रिकेटर
ii. बीमारी का इलाज़ करनेवाला	डॉक्टर
iii. विद्यालय में पढ़ानेवाली	शिक्षिका
iv. बगीचे की देखभाल करनेवाला	माली
v. मेहनत करने वाला	मेहनती
vi. जिसके अंदर साहस हो	साहसी

2. दिए गए वाक्यों के लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए|

i. <u>चाचा</u> ने मोहन को कार दी|

उत्तर = चाची ने मोहन को कार दी|

ii. <u>अध्यापक</u> कक्षा में पढ़ा रहे हैं|

उत्तर = अध्यापिका कक्षा में पढ़ा रही हैं|

iii. <u>नाना</u> जी ने कहानी सुनाई|

उत्तर = नानी जी ने कहानी सुनाई|

iv. <u>राजा</u> ने गरिबों को खिलाया|

उत्तर = रानी ने गरिबों को खिलाया|

v. आसमान में बादल देखकर <u>मोर</u> नाचने लगा|

उत्तर = आसमान में बादल देखकर मोरनी नाचने लगी|

vi. लड़का मैदान में भाग रहा है|

उत्तर = लड़की मैदान में भाग रही है|

3. संज्ञा शब्द रेखांकित कीजिए | (उत्तर)

i राघव पुस्तक पढ़ रहा है | — राघव, पुस्तक

ii बुर्ज खलीफ़ा एक बड़ी इमारत है | — बुर्ज खलीफ़ा, इमारत

iii ताजमहल की सुंदरता देखते ही बनती है | — ताजमहल, सुंदरता

iv अध्यापक कुर्सी पर बैठे हैं | — अध्यापक, कुर्सी

v आज बहुत गरमी हैं | — गरमी

vi रतन आज विद्यालय नहीं गया | — रतन, विद्यालय

4. दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्द छाँटिए | (उत्तर)

i मोहन ने नया खिलौना खरीदा | — नया

ii शालू ईमानदार लड़की है | — ईमानदार

iii बगीचे में रंग-बिरंगे फूल खिले हैं | — रंग-बिरंगे

iv वह जंगल से लाल फूल तोड़कर लाया है | — लाल

v मेरी कक्षा में चालीस विद्यार्थी हैं | — चालीस

vi खेत के पीछे बड़ा तालाब है | — बड़ा

....